वारदात | जांच में जुटी पुलिस

# बांसा तारखेड़ा पुल में युवक की मिली लाश



**नवभारत,दमोह.जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाली चौकी सागर नाका के समीप बांसा तारखेड़ा के पास पुल के नीचे पानी में अजय पिता धनीराम बंसल उम्र 18 वर्ष निवासी बांसा तारखेड़ा का शव शुक्रवार सुबह पड़ा मिलने पर मौके पर सीएसपी एचआर पांडे,देहात थाना प्रभारी अमित गौतम, सागर नाका चौकी प्रभारी विक्रम दांगी,सब इंस्पेक्टर रोहित द्विवेदी सहित पुलिस पहुंची.**

जहां पुलिस जांच में जुटी हुई है.बताया जा रहा है कि पुलिस के पहुंचने के पूर्व ही परिजन (छोटा भाई और बहन) द्वारा तलाश के दौरान पानी में से शव को निकाल कर घर ले जा रहे थे, तभी मौके पर पहुंची पुलिस ने घर पहुंचने के पहले ही शव को घटनास्थल और घर के बीच रखवाया और पोस्टमार्टम कार्रवाई करने के बाद शव सुपुर्द किया जाएगा. चौकी प्रभारी विक्रम दांगी ने बताया कि अजय की मौत संभवतः कूदकर या गिर कर लग रहा है.फिलहाल पुलिस पूरे घटना की जांच बारीकी से कर रही है.

## युवती ने जहरीले पदार्थ का किया सेवन, मौत

जहरीला पदार्थ का सेवन करने पर 21 वर्षीय युवती को इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया.जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया. प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने बताया कि मृतिका रचना पिता दौलत सिंह लोधी उम्र 21 वर्ष निवासी पतलोनी तेजगढ़ की मौत हो जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है .इधर अज्ञात कारणों से युवक की मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है .प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया मृतक बबलू लोधी पिता दरयाव सिंह लोधी 32 वर्ष निवासी सेमरा मड़िया दमोह की मौत हो जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है .

## विंध्य क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए पूर्व विधायक अजय टंडन को प्रभारी नियुक्त किया

**नवभारत,दमोह** .मप्र की राजनीति में एक और अहम संगठनात्मक कदम उठाते हुए मप्र कांग्रेस कमेटी ने दमोह के पूर्व विधायक अजय कुमार टंडन को रीवा जिले का प्रभारी नियुक्त किया है.इस नियुक्ति को पार्टी के भीतर मजबूती और आगामी चुनावी रणनीति को धार देने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है. कांग्रेस के अनुभवी और जमीन से जुड़े नेता के रूप में पहचाने जाने वाले अजय कुमार टंडन को रीवा जैसे राजनीतिक रूप से संवेदनशील जिले की जिम्मेदारी सौंपना पार्टी के भरोसे को दर्शाता है. लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं के बीच मजबूत पकड़ बनाई है, जिसका लाभ अब रीवा में पार्टी को मिलने की उम्मीद जताई जा रही है.



# दमोह में निम्न आय वर्ग के आवासों की भारी मांग

### योजनाओं में देरी से बढ़ी परेशानी,8 ईडब्ल्यूएस के 115 पंजीयन

**नवभारत,दमोह.** मप्र हाउसिंग बोर्ड द्वारा निम्न आय वर्ग को किफायती मकान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाई गई योजनाओं के बावजूद दमोह जिले में आवासों की भारी मांग बनी हुई है.वर्ष 2016 में लाई गई अटल आश्रय योजना के तहत सीमित विज्ञापनों में ही सभी पंजीयन पूर्ण हो गए थे. हाल ही में 8 ई.डब्ल्यू.एस. मकानों के लिए 115 आवेदन प्राप्त होना बढ़ती मांग को दर्शाता है.इस अवसर पर रामकुमार बॉथम कार्यपालन यंत्री,अशोक कुमार जैन उपयंत्री, दर्शन सिंह मेहरा सहायक,सीताराम अहिरवार सहायक,नीलम पटेल सहायक, शिवनारायण सेन, दिनेश पटेल उपस्थित थे.



### हटा व अन्य क्षेत्रों में भी योजनाएं लंबित

तहसील हटा में 3 .6760 हेक्टेयर भूमि पर लगभग 50 करोड़ की लागत से कॉलोनी प्रस्तावित है, जिसकी प्रीमियम राशि मार्च 2026 में जमा की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ. इसी तरह धरमपुरा, पथरिया, बटियागढ़ और तेंदूखेड़ा क्षेत्रों में प्रस्तावित योजनाएं भी वर्षों से लंबित हैं, जिससे निम्न आय वर्ग के लोग महंगे निजी आवास लेने को मजबूर हो रहे हैं.

### नई कॉलोनियों में देरी, अतिक्रमण बना बड़ी चुनौती

दमोह के मारुताल (कुलुआ) क्षेत्र में लगभग 9.90 हेक्टेयर भूमि पर प्रस्तावित 100 करोड़ की आवासीय कॉलोनी के लिए 9 फरवरी 2024 को रजिस्ट्री हो चुकी है .बावजूद इसके, भूमि के कुछ हिस्से के डूब क्षेत्र में आने और अतिक्रमण के कारण कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है . 07 जनवरी 2026 को तहसील प्रशासन द्वारा बेदखली आदेश जारी होने के बाद भी अतिक्रमण यथावत बना हुआ है .

### जिम्मेदारों की उदासीनता पर उठे सवाल

स्थानीय स्तर पर यह आरोप लगाए जा रहे हैं कि संबंधित अधिकारियों द्वारा योजनाओं में अपेक्षित रुचि नहीं ली जा रही है, जिससे परियोजनाएं अटकी हुई हैं और अतिक्रमण की समस्या बढ़ रही है .

**अधिकारियों का पक्ष**
इस संबंध में आर के बाथम (कार्यपालन यंत्री, हाउसिंग बोर्ड दमोह) व प्रताप नारायण यादव (कलेक्टर, दमोह) से संपर्क किया गया, जिनका कहना है कि प्रक्रियात्मक कार्यवाही जारी है और शीघ्र आवश्यक कदम उठाए जाएंगे .

# वैशाख पूर्णिमा पर श्री जागेश्वर नाथ मंदिर में उमड़ा जनसैलाब



**नवभारत, दमोह.** वैशाख मास पूर्णिमा के पावन अवसर पर जिला मुख्यालय से 18 कि.मी.स्थित श्री जागेश्वर नाथ मंदिर बांदकपुर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा. शुक्रवार देर सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें लग गईं,जो देर रात तक जारी रही.श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन कर जलाभिषेक व पूजन-अर्चन करते नजर आए.मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं को देखा गया. जिससे धार्मिक वातावरण और भी भक्तिमय हो गया.भजन-कीर्तन और मंत्रोच्चार से पूरा क्षेत्र गूंज उठा. दूर-दराज के गांवों और आसपास के इलाकों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे है.सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा,प्रआ मयूर, प्रकाश और प्रशासन व पुलिस बल तैनात रहा.पंडित रामकृपाल पाठक ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल,छाया और चिकित्सा की विशेष व्यवस्थाएं की गईं थी.

# बुद्ध वंदना कर मनाई बुद्ध जयंती



**नवभारत,दमोह।** वैशाख पूर्णिमा के दिन जन्में विश्व शांति के महामानव गौतम बुद्ध की जयंती भारतीय बौद्ध महासभा के नेतृत्व में मनाई गई। महासभा के अध्यक्ष महेन्द्र बौद्ध द्वारा भगवान बुद्ध के जीवन परिचय पर विस्तार से प्रकाश डाला और उम्मीद की गई कि विश्व को युद्ध की नहीं बुद्ध की जरूरत है। महासभा द्वारा गौतम बुद्ध की आंबेडकर चौक दमोह में बुद्ध वंदना पंचशील एवं समापन गया का पाठ किया गया। कार्यक्रम में महासभा के पदाधिकारी एचएल अहिरवार,महासचिव पन्नालाल रोहितास, नरोत्तम दीन, मुकेश अहिरवार, डीपी बाबू, डीपी वर्मा, जोगेन्दर प्रसाद,राकेश अहिरवार, एलपी सूर्यवंशी, प्रकाश झारिया,बद्री प्रसाद,झलकन प्रसाद, वीरेन्द्र जाटव सहित बौद्ध अनायायियों द्वारा अंबेडकर चौक पर उपस्थित होकर बुद्ध जयंती मनाई।

# मजदूर दिवस पर लीनेस मैत्री क्लब की सराहनीय पहल

**नवभारत, दमोह.** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के पावन अवसर पर लीनेस मैत्री क्लब दमोह द्वारा शहर के श्रमिकों के सम्मान में गमछा व टोपी का वितरण कर एक प्रेरणादायक सेवा कार्य संपन्न किया गया। इस आयोजन के माध्यम से क्लब ने समाज के मेहनतकश वर्ग के प्रति अपनी संवेदनशीलता, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की ।कार्यक्रम का सफल संचालन प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रिंसी जैन के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष रजनी खरे ने कहा कि मजदूर हमारे समाज की वास्तविक शक्ति हैं और उनके अथक परिश्रम से ही हमारे जीवन की नींव मजबूत होती है ।मजदूर दिवस हमें उनके योगदान, अधिकारों और सम्मान को स्मरण करने का अवसर प्रदान करता है। प्रदेश डायरेक्टर रोजी बग्गा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि मजदूरों की मेहनत देश की प्रगति का आधार है और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए हमें निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए ।वहीं, ज्योति सचदेवा ने कहा कि मजदूर दिवस केवल एक दिवस नहीं, बल्कि उन अनगिनत मेहनती हाथों को सलाम करने का अवसर है, इस अवसर पर स्मृति खरे, रिम्मी जुनेजा, तनु सुरेखा,सारिका टंडन, राखी चोपड़ा, अंशुल शर्मा, डिंपल शर्मा और माया यादव सहित अन्य सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई और श्रमिकों के चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास किया।



## मान स्तंभ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव 3 को

**कुम्हारी नवभारत 1 मई।** मान स्तंभ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं गौशाला शिलान्यास समारोह मंगलानंद सागर महाराज एवं मुनि श्री मंगल सागर के सानिध्य में ज्ञानोदय विद्यापीठ स्कूल कुम्हारी में 3 मई से आयोजित किया जा रहा है। सकल जैन समाज द्वारा पंचकल्याणक महोत्सव का आगाज होने जा रहा। सभी धर्म प्रेमी शामिल होकर इस आयोजन में सम्मिलित होकर धर्म लाभ ले ऐसी अपील की गई है। मंगलानंद महाराज ने कुम्हारी की पावन धरती में 2016 अप्रैल माह में मंदिर निर्माण करवाया था। उस समय गजरथ पंच कल्याण महोत्सव आयोजित किया गया था।



# मौसम ने ली करवट, सिंग्रामपुर-कुसमी मानगढ़ क्षेत्र में आंधी-तूफान व बारिश

- गर्मी से मिली राहत, बिजली व्यवस्था ठप
- अचानक बदले मौसम से जनजीवन प्रभावित, किसानों ने गेहूं को तिरपाल से बचाया

**नवभारत,सिंग्रामपुर/दमोह.** सिंग्रामपुर कुसमी मानगढ़ क्षेत्र में गुरुवार शाम मौसम ने अचानक करवट ले ली.आसमान में घने बादलों के बीच तेज आंधी- तूफान और गरज-चमक के साथ करीब आधे घंटे तक झमाझम बारिश हुई.बारिश से जहां लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली,वहीं जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया.तेज हवा और बारिश के कारण सिंग्रामपुर व कुसमी मानगढ़ क्षेत्र में कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गई. आंधी के चलते विद्युत व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई, जिससे पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब गया और लोग उमस भरी गर्मी से परेशान रहे.स्थानीय लोगों के अनुसार दोपहर से ही आसमान में बादल छाए हुए थे और मौसम में बदलाव के संकेत मिल रहे थे.गुरूवार शाम होते-होते तेज हवाओं के साथ गरज-चमक और बारिश शुरू हो गई,जिससे कुछ समय के लिए अंधेरा छा गया.मौसम परिवर्तन का सबसे अधिक असर गेहूं उपार्जन केंद्रों पर देखने को मिला.कुसमी मानगढ़ और आसपास के क्षेत्रों में किसानों ने अपनी उपज को बारिश से बचाने के लिए तुरंत तिरपाल ढककर गेहूं सुरक्षित किया.



कई जगह किसान भागदौड़ करते नजर आए .अचानक हुए मौसम बदलाव ने जहां एक ओर लोगों को गर्मी से राहत दी,वहीं दूसरी ओर विद्युत आपूर्ति और दैनिक जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया.

## महंत रामानुग्रह का हटा में आज होगा आगमन

**हटा।** जिला स्तरीय ब्राह्मण महासभा में आपका आशीर्वाद आवश्यक आग्रह-सर्व ब्राह्मण समाज हटा द्वारा 2 में को होने वाले भव्य आयोजन में श्री श्री 1008 रामकौमार सरकार मंदिर महंत श्री रामानुग्रह दास छोटे सरकार से समझ में पधारने का आग्रह किया गया. मंगलवार दोपहर 12 बजे सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष हटा महेश पुरानी ने अजब धाम पहुंचकर भगवान के दर्शन कर जै जैसरकार से आशीर्वाद लेकर छोटे सरकार से आग्रह करते हुए कहा कि आपका मार्गदर्शन व आशीर्वाद के लिए आप आयोजन में आवश्यक रूप से पधारे .



# बारात आने से पहले पहुंची डायल-112 15 वर्षीय बच्ची का विवाह रुकवाया



**नवभारत,दमोह.** थाना पथरिया अंतर्गत ग्राम बांसा कला में 15 वर्षीय नाबालिग बच्ची का बाल विवाह कराए जाने की सूचना पर डायल-112 टीम ने त्वरित व संवेदनशील कार्यवाही करते हुए मौके पर पहुंचकर बाल विवाह रुकवाया. समय रहते की गई. इस कार्यवाही से एक नाबालिग बच्ची का भविष्य सुरक्षित हो सका.राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में दिनांक 30 2026 को दोपहर लगभग 12 बजे सूचना प्राप्त हुई कि थाना पथरिया क्षेत्र के ग्राम बांसा कला में एक 15 वर्ष की बच्ची का विवाह उसके परिजनों द्वारा कराया जा रहा है तथा बारात आने की तैयारी चल रही है. सूचना प्राप्त होते ही दमोह डायल-112 कंट्रोल रूम में तैनात महिला आरक्षक 327 विभा तिवारी द्वारा तत्काल थाना पथरिया में तैनात डायल-112 वाहन एफआरबी-12 को मौके के लिए रवाना किया गया. महिला व बाल विकास विभाग की टीम को भी सूचित किया गया.सूचना पर डायल-112 स्टाफ आरक्षक 11 दिनेश कुर्मी व पायलट हरिओम अहिरवार तत्काल ग्राम बांसा कला पहुंचे,जहां कल्लो सौर पिता चन्नू सौर उम्र 15 वर्ष निवासी बांसा कला का विवाह कराया जा रहा था.

### एक नजर में

## रमाकांत को मिला जबेरा विधानसभा का प्रभार

**नवभारत,दमोह** .अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आदेशानुसार राहुल गांधी की मंशानुरूप संगठन सृजन के तहत प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी द्वारा निर्धारित संगठन के मानकानुरूप मप्र कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने नेताप्रतिपक्ष उमंग सिंगार तथा जिला कांग्रेस कमेटी दमोह ग्रामीण के अध्यक्ष मानक पटेल दमोह जिला के कांग्रेस प्रभारी पूर्व मंत्री हर्ष यादव की अनुशंसा पर मप्र कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग के हितो के लिए अति संघर्ष कर रहे रमाकांत यादव को जबेरा विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया है .जानकारी देते हुए प्रवक्ता रवि सोनी ने बताया कि श्री यादव की नियुक्ति से कांग्रेस को और सशक्त बनाने तथा जन जन को लोकतंत्र बचाने की दिशा में तैयार किया जाएगा.





## श्रम अधिकारी जीडी गुप्ता हुए सेवानिवृत दी गई विदाई

**नवभारत,दमोह** .विगत दिवस श्रमविभाग में पदस्थ कटनी जिले के निवासी जीडी गुप्ता सेवानिवृत हुए .उन्होंने अपना दमोंह में 9 वर्ष का कार्यकाल,बेदाग छवि,सफलता पूर्वक ईमानदारी से निभाया .उनके कार्यकाल में उनके दामन में कोई भी आक्षेप नहीं लग पाया .श्री गुप्ता 1989 में श्रमविभाग में आए थे . गुरूवार शाम को विभाग के श्रम निरीक्षक राहुल कुर्मी, पूजा अवस्थी, श्वेता राज, प्रियंका,आशा व अन्य विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों ने उनको भाव भीनी विदाई समारोह में गरिमा पूर्ण ढंग से विदाई दी . वह उनके दमोह के कार्यकाल में उनके कार्यों की प्रशंसा की और उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की .

## कॉंबिंग गश्त के दौरान पकड़ाए स्थायी वारंटी

**कुम्हारी नवभारत 1 मई** ।थाना प्रभारी बृजेश पांडे के नेतृत्व में पुलिस बल की कॉंबिंग गश्त के दौरान स्थाई वारंटी पकड़े गए। इनमें राजभान राजपूत हिनौती, धीरेंद्र उर्फ रिकी कछार पन्ना, दिनेश उर्फ राधे यादव कुम्हारी, शेर सिंह राजपूत मझौली शामिल है। इस दौरान पुलिस ने रामदास चौधरी, देवी रतन पुन्नी बाई, देवी रतन नीलू, खमरिया हाकम को वारंट तामील किए। इन्हें न्यायालय में पेश किया, वहीं एक युवक पर सट्टा एक्ट की कार्यवाही की गई।



# जन चेतना शिविर का आयोजन




**नवभारत,दमोह** . पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया के निर्देशन में एसडीओपी प्रिया सिंधी के मार्गदर्शन में व उपस्थिति में जन चेतना शिविर का आयोजन 30 अप्रैल को ग्राम चिरोला में किया गया . जिसमें गांव के हर स्तर के जन मौजूद रहे .जिनको समाज में फैली अज्ञानता पूर्वक उच्च समाज के लोगों द्वारा पिछड़े समाज के लोगों के साथ किए जा रहे व्यवहार से आगे चलकर हो रही परेशानियों के सम्बन्ध में चर्चा की जाकरआपस में भाई चारे के साथ मिलकर समाज को एकजुट होकर समाज में फैली कुरेतियो को खत्म करने हेतू एक रहकर साथ समाज का उत्थान करने के सम्बन्ध में चर्चा की . इस अवसर पर चौकी प्रभारी जेरठ गोपाल सिंह सहित पुलिस स्टाफमौजूद रहा .

# मासूम से दुष्कर्म करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, हटा थाना क्षेत्र में हुई थी घटना

**नवभारत,हटा/दमोह. जिले के हटा थाना क्षेत्र अंतर्गत 11 वर्षीय नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने वाले दोनों आरोपियों को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है.बुधवार रात पीड़ित ने परिजनों के साथ हटा थाने पहुंचकर मामले में शिकायत दर्ज कराई.पुलिस ने आरोपियों पर मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी थी.**

हटा थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत 11 वर्षीय नाबालिक के साथ दो युवकों द्वारा दुष्कर्म किया गया था. घटना मंगलवार रात घटित हुई थी बुधवार रात बाद पीड़िता परिजनों के साथ थाने पहुंची और शिकायत के आधार पर पुलिस ने दो आरोपियों दानिश पिता गुड्डू कुरैशी 20 और वारिक पिता खालिक 18 पर पास्को व दुष्कर्म की धारा में मामला दर्ज किया था. टीआई बेगी ने बताया की मासूम के पड़ोस में रहने वाले एक आरोपी के द्वारा उसे छत पर बुलाया गया. इसके बाद उसका दोस्त भी छत पर पहुंचा और उन्होंने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. तभी पीड़िता के पिता छत पर पहुंचे तो बच्ची ने पिता को घटना की पूरी जानकारी दी.आरोपी घटना के बाद भाग गए थे जिन्हें तलाश कर गुरुवार दोपहर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है.



वहीं इस मामले पीड़िता के बयान दर्ज करने वाली महिला थाना प्रभारी प्रीति पांडे ने बताया कि आरोपियों ने इसके पहले भी मासूम के साथ 10, 12 दिन पहले दुष्कर्म किया था . मासूम बिल्कुल अबोध बालिका है और वह सीधी साधी है . उसने घटना की जानकारी परिजनों को नहीं दी .इसी का फायदा उठाते हुए आरोपियों ने मंगलवार को फिर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया और जान से मारने की धमकी दी .जिसके बाद पीड़िता ने अपने परिजनों को पूरी घटना से अवगत कराया और परिजनों ने थाने पहुंचकर मामले में शिकायत दर्ज कराई .

मारपीट | अस्पताल बना अखाड़ा

# हटा सिविल अस्पताल में डॉक्टरों और युवकों के बीच खूनी संघर्ष

**नवभारत,हटा/दमोह. जिले के हटा स्थित सिविल अस्पताल में उपचार कराने आए दो युवकों और अस्पताल के स्टाफके बीच जमकर मारपीट हुई. देखते ही देखते अस्पताल परिसर युद्ध के मैदान में तब्दील हो गया.**

इस घटना से अस्पताल में मौजूद मरीजों और उनके परिजनों के बीच अफरा-तफरी और दहशत का माहौल निर्मित हो गया.मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार दोपहर दो युवक किसी काम से या उपचार के लिए अस्पताल पहुंचे थे. किसी बात को लेकर युवाओं की ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ से कहासुनी हो गई.चश्मदीदों का कहना है कि बहस शुरू में मामूली थी, लेकिन देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच लात-घूंसे चलने लगे.पीड़ित युवकों का आरोप है कि डॉक्टरों और अस्पताल के अन्य कर्मचारियों ने एक राय होकर उनके साथ बर्बरतापूर्वक मारपीट की. युवकों का कहना है कि वे अपनी समस्या लेकर आए थे, लेकिन उनके साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किया गया.वहीं, दूसरी ओर अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों का पक्ष है कि युवकों ने कार्य में बाधा डाली और डॉक्टरों के साथ अभद्रता व हाथापाई की कोशिश की, जिसके बचाव में स्टाफ को आगे आना पड़ा. घटना के दौरान अस्पताल में ओपीडी और अन्य सेवाएं कुछ देर के लिए बाधित रहीं.मारपीट की घटना से भर्ती मरीज सहम गए और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे. हंगामे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित किया.



फिलहाल पुलिस दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर रही है . घायलों का मुलाहिजा कराया जा रहा है .पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और गवाहों के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी . डॉक्टरों ने सुरक्षा की मांग को लेकर नाराजगी जाहिर की है, जबकि युवकों के परिजनों ने न्याय की गुहार लगाई है .इस घटना ने एक बार फिर सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों और आम जनता के बीच बढ़ते अविश्वास और सुरक्षा संबंधी खामियों को उजागर कर दिया है .



## ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**नवभारत,दमोह।** कैलाश विश्वास सारंग खेल मंत्री की मनसा व दमोह पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवर्ती जिला खेल व कल्याण अधिकारी सैफउल्ला खान के मार्गदर्शन में खेल व कल्याण विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह 2026 का आयोजन विकासखंड तेंदूखेड़ा में किया जा रहा है. बालक व बालिका वर्ग में वॉलीबॉल शासकीय कन्या शाला तेजगढ़ व शासकीय कन्या शाला छात्रावास खास तेंदूखेड़ा में प्रशिक्षण दिया जाएगा. आप सभी खिलाड़ियों से आग्रह है ऑनलाइन पंजीयन करना अनिवार्य है . इस समर कैम्प में आयु वर्ग का कोई प्रावधान नहीं है .पंजीयन शुल्क 11 रूपये निर्धारित है .